Email - sonekikalam@gmail.com
आर.एन.आई. रजि. नं. 52089

# सोने की कलम

प्रधान सम्पादक – चेतन गन्धे , 9893157809
www.sonekikalamnews.com

वर्ष - 34 अंक - 11 (साप्ताहिक, प्रत्येक गुरुवार) इन्दौर, 24 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 मूल्य 1 रुपये पृष्ठ 4

## शाह-जयशंकर ने राष्ट्रपति को पहलगाम हमले की जानकारी दी

### आर्मी चीफ कल श्रीनगर जाएंगे

### रूसी मीडिया बोला-

## भारत कुछ बड़ा करने वाला है



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर गुरुवार को पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि सभी पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ना होगा, क्योंकि 27 अप्रैल से उनके वीजा रद्द कर दिए गए हैं। जिन्हें मेडिकल वीजा मिला है, उन्हें 29 अप्रैल 2025 तक भारत छोड़ना होगा।

विदेश मंत्रालय ने भारतीयों को पाकिस्तान की यात्रा न करने की भी सलाह दी है। आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी कल श्रीनगर जा रहे हैं।

इससे पहले भारत ने गुरुवार दोपहर ड्रहस सूरत युद्धपोत से मिसाइल की टेस्टिंग की है। टेस्टिंग सफल रही। सतह से समुद्र पर हमला करने का सफल परीक्षण किया गया। इससे पहले भारत की जवाबी कार्रवाई के डर से पाकिस्तान ने 24-25 अप्रैल को कराची तट से दूर अपने विशेष आर्थिक क्षेत्र (श्रश्ठ) के भीतर सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण करने के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था। पाकिस्तानी एयरफोर्स ने पूरी रात खौफ के साये में काटी। कराची एयरबेस से 18 फाइटर जेट भारत से लगी सीमा की तरफ के पाक एयरफोर्स स्टेशनों पर भेजे गए हैं। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल की आतंकी घटना पर सरकार ने पार्लियामेंट बिल्डिंग में शाम 6 बजे सभी दलों की बैठक बुलाई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इसकी अध्यक्षता करेंगे। राहुल गांधी भी इसमें शामिल होंगे।

## हलगाम हमले के बाद पाकिस्तान ने शिमला समझौता निलंबित किया

### भारतीय एयरलाइंस के लिए हवाई क्षेत्र बंद, वाघा बॉर्डर सील



नईदिल्ली। क्षेत्रीय तनाव में नाटकीय वृद्धि के बीच, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के कड़े जवाबी कार्रवाई के जवाब में पाकिस्तान ने व्यापक राजनयिक और आर्थिक प्रतिशोध शुरू किया है, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बैठक के बाद, पाकिस्तान सरकार ने भारत के उद्देश्य से कई कठोर उपायों की घोषणा की, जो परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच एक बड़े राजनयिक टूट का संकेत देता है।

नए उपायों के हिस्से के रूप में, इस्लामाबाद ने भारत के साथ सभी व्यापार को निलंबित कर दिया है, जिसमें पाकिस्तानी क्षेत्र के माध्यम से तीसरे देशों के माध्यम से अप्रत्यक्ष व्यापार भी शामिल है। सभी भारतीय स्वामित्व वाली और भारतीय संचालित एयरलाइनों के लिए हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया है, जिससे तुरंत किसी भी भारतीय ओवरफ्लाइट या लैंडिंग अधिकारों को रोक दिया गया है। यह दोनों देशों के बीच पिछले तनाव को दर्शाता है जब हवाई क्षेत्र को पहले एक राजनयिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया गया था। सबसे प्रतीकात्मक कदमों में से एक भारत के साथ पाकिस्तान के एकमात्र भूमि क्रॉसिंग पॉइंट, वाघा सीमा को सील करने के रूप में आया। बंद में सभी सीमा पार नागरिक और वाणिज्यिक पारगमन का पूर्ण निलंबन शामिल है, जो लोगों से लोगों के जुड़ाव के लिए अंतिम शेष लिंक में से एक को प्रभावी ढंग से फ्रीज कर देता है।

## भारत ने अरब सागर में की मिसाइल की टेस्टिंग

### हवा में मार करने में सक्षम

**नईदिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की खूबसूरत बैसरन घाटी में हुए क्रूर आतंकवादी हमले के दो दिन बाद, भारतीय नौसेना के युद्धपोत INS सूरत ने गुरुवार को अरब सागर में मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (MR-SAM) वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया।**



यह परीक्षण अरब सागर में पाकिस्तान नौसेना द्वारा निर्धारित सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल परीक्षण से पहले हुआ। MR-SAM सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों और अन्य हवाई लक्ष्यों के खिलाफ अत्यधिक प्रभावी है। INS सूरत द्वारा MR-SAM वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली परीक्षण के साथ, यह स्वदेशी युद्धपोत डिजाइन, विकास और संचालन में भारतीय नौसेना की बढ़ती हुई क्षमता को दर्शाता है। आधिकारिक बयान में कहा गया कि यह परीक्षण रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है।

## गलती से सीमा पार चला गया बीएसएफ का जवान

### पाकिस्तान ने लौटाने से किया इनकार

**फिरोजपुर। पंजाब के फिरोजपुर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान बीती रात गलती से पाकिस्तान सीमा में प्रवेश कर दिया। जवान को पाकिस्तान के रेंजर्स ने पकड़ लिया।**



ताजा खबर यह है कि बीएसएफ ने अपने जवान को लौटाने की घोषणा की थी, जिसे पाकिस्तान ने ठुकरा दिया है। जवान की सुरक्षित वापसी के लिए बुधवार देर रात बीएसएफ और पाक रेंजर्स के बीच हुई फ्लैग मीटिंग हुई थी। तब बीएसएफ ने अपने जवान को लौटाने की मांग की थी, लेकिन पाक रेंजर्स ने इसको ठुकरा दिया।

अब इस मुद्दे को लेकर आज फिर बीएसएफ और पाक रेंजर्स के बीच फ्लैग मीटिंग होगी। बता दें बीएसएफ का जवान जिस यूनिट का हिस्सा है, उसकी कुछ दिन पहले ही यहां पर तैनात हुई है। सीमा की पहचान नहीं होने के कारण जवान गलती से पाकिस्तान चला गया था।

**आज का सुविचार**

लक्ष्य उसी के पूरे होते है जो कही रुकता नही कठिनाइया तो सबके जीवन में आती है।

# संपादकीय

## कश्मीर में एक और नरसंहार

एक तस्वीर मीडिया के जरिए दुनिया के सामने आई है। सबसे त्रासद, दर्दनाक और नरसंहार को बयां करती तस्वीरज्! एक नवविवाहिता की कलाइयों पर लाल रंग का चूड़ा है, उंगली में अंगूठी है, लेकिन वह अपने पति के शव के पास गुमसुम बैठी है। उसके भीतर न जाने कितने अंधड़ उमड़ रहे होंगे! आतंकी हमले ने एक नवविवाहित जोड़े की जिंदगी ही काली कर दी। कश्मीर में पहलगाम जिले के बैसरन घसियाले मैदान में आतंकियों ने हमला किया है। यह हमला ही नहीं, बल्कि दानवी नरसंहार है, जिसमें 28 निहत्थे, निर्दोष, मासूम पर्यटकों को, मात्र 20 मिनट में ही, लाश बना दिया गया। बैसरन घाटी पहलगाम से करीब 7 किमी दूर है। एक बेहद खूबसूरत घास का मैदान, जिसे 'मिनी स्विट्जरलैंड' कहते हैं, लेकिन आतंकियों ने उसे भी खून से लथपथ कर बदनाम कर दिया। पहलगाम से अमरनाथ यात्रा का एक मुख्य मार्ग जाता है। धार्मिक यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण भी शुरू हो चुका है। आतंकियों ने तीर्थयात्रियों के लिए भी खौफ और दहशत के भाव पैदा कर दिए हैं। इस बार आतंकियों ने चुन-चुन कर 'हिंदू पर्यटकों' को ही निशाना बनाया है। उनका नाम और धर्म पूछा गया, कलाई में कलावा देखा और कलमा नहीं पढ़ पाए, तो उन्हें गोलियों से भून दिया। बताया गया है कि 4-5 आतंकी थे। उन्होंने 50-70 राउंड गोलीबारी की और 28 सैलानियों को मौत की नींद सुला दिया। अधिकतर पुरुष पर्यटकों को ही निशाना बनाया गया। कर्नाटक की एक महिला ने पति की मौत के बाद जब कहा कि उसे भी मार दें, तो आतंकियों ने जवाब दिया-'नहीं, तुम्हें नहीं मारेंगे। तुम जाओ, जाकर मोदी को बता दो।' इस जवाब से ही आतंकियों की सोच और मंशा समझी जा सकती है। बहरहाल कश्मीर में फरवरी, 2019 के पुलवामा आतंकी हमले के बाद यह नरसंहार सबसे बड़ा और वीभत्स है। पुलवामा में 40 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को आतंकियों ने 'शहीद' कर दिया था। पहलगाम में धर्म के आधार पर चिह्नित कर पर्यटकों पर पहली बार आतंकी हमला किया गया है। इस नरसंहार ने मार्च, 2000 के चित्तीसिंहपुरा आतंकी हमले की याद ताजा करा दी, जिसमें 35 ग्रामीण सिखों को उनके घरों से निकाल कर मार दिया गया था। तब अमरीका के तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन कश्मीर के प्रवास पर ही थे। इस बार अमरीका के उपराष्ट्रपति वेंस भारत के प्रवास पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी सऊदी अरब गए हुए थे।



चेतन गन्धे
9893157809
सम्पादक

बहरहाल उन्हें तुरंत लौटना पड़ा। लौटने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने गृहमंत्री अमित शाह को फोन पर निर्देश दिए कि तुरंत श्रीनगर जाएं और हालात तथा सुरक्षा का जायजा लें। गृहमंत्री श्रीनगर में ही हैं। उन्होंने उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री और केंद्रीय गृह सचिव सहित सुरक्षा के शीर्ष अधिकारियों के साथ मंथन किया कि ऐसा क्यों हुआ है? राष्ट्रीय जांच एजेंसी भी अब ऑपरेशन में शामिल हो सकती है। सरकार और सुरक्षा-तंत्र तुरंत सक्रिय हो गए हैं। पहाड़ी और जंगलात वाले उस इलाके की सेना और सुरक्षा-बलों ने घेराबंदी कर ली है। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने कहा है कि आतंकियों का नापाक एजेंडा सफल नहीं होने दिया जाएगा। आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का हमारा संकल्प मजबूत है।

### संघर्ष, सब्र और संगीत से सजी सफलता की कहानी

# इंदौर की बेटी दिव्यांशी ने चौथी बार में जीती यूपीएससी की बाजी-हासिल की 571वीं रैंक

**इन्दौर। जब कुछ करने की ठान ली जाए, तो रास्ते खुद-ब-खुद बनते हैं। इंदौर की दिव्यांशी पांडे ने इसे साबित कर दिखाया है। यूपीएससी 2024 की फाइनल लिस्ट में उनका नाम 571वीं रैंक के साथ शामिल हुआ।**

सुदामा नगर की रहने वाली दिव्यांशी एक साधारण मध्यमवर्गीय परिवार से हैं। पिता मंदिरों में भगवान हनुमानजी का श्रृंगार करते हैं, मां गृहिणी हैं। साधारण परिवार की होकर भी देश सेवा के बड़े सपने थे।

तीन बार प्रीलिम्स में असफल होने के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी। सब्र रखा, संघर्ष किया। इंदौर में रहकर पढ़ाई की, बीच में दिल्ली भी गईं। चौथे प्रयास में उनकी मेहनत रंग लाई।

यूपीएससी इंटरव्यू में जब उनसे उनके शौक के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने सिंगिंग बताया। पैनल ने तीन गाने सुनाने को कहा- दिव्यांशी ने सुरों से सभी को प्रभावित कर दिया।

इस सफर में उन्हें सबसे ज्यादा प्रेरणा मिली अपने फूफा श्री मनीष पांडे से। वे नगर निगम की वर्कशॉप के प्रभारी हैं। दिव्यांशी कहती हैं - अगर उन्होंने विश्वास न जताया होता, तो शायद मैं फिर से प्रयास ही नहीं करती।



**कलेक्टर श्री सिंह ने बुलाकर किया सम्मानित**

इंदौर कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने दिव्यांशी को सपरिवार बुलाकर मिठाई खिलाई, गुलदस्ता भेंट किया और कहा - दिव्यांशी ने इंदौर का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से और भी युवा प्रेरित होंगे।

**अब बारी देश की सेवा की**

आईआरएस या आईपीएस में चयन की उम्मीद लिए दिव्यांशी अब नई जिम्मेदारियों की ओर बढ़ रही हैं। इंदौर की इस बेटी की कहानी आज हर युवा के लिए एक सबक है - सपने बड़े रखो, कोशिश करते रहो, मंजलि जरूर मिलेगी।

# सैनिकों के कल्याणानार्थ सहयोग देने वाले चार दानदाताओं का राज्यपाल श्री पटेल ने किया सम्मान

**इन्दौर। राज भवन भोपाल में आयोजित एक गरिमामय समारोह में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने इंदौर के चार दानदाताओं का सम्मान किया है। यह सम्मान उन्हें सशस्त्र सेना झण्डा निधि 2023-24 में सैनिकों के कल्याणानार्थ एक-एक लाख रुपये से अधिक की सहयोग निधि देने पर दिया गया है। सम्मान सर्वरूप प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किये गए।**

यह सम्मान पटेल मोटर्स इंदौर के श्री वल्लभ भाई पटेल, श्रीमती निर्मला विद्याप्रसाद वर्मा, श्रीमती रीता मित्रा एवं मध्यप्रदेश विक्रय कर तृतीय वर्ग गृह निर्माण सहकारी संस्था इंदौर के सचिव श्री प्रकाश चंद्र पुरोहित को प्राप्त हुआ है। श्रीमती निर्मला वर्मा के स्थान पर उनके पुत्र एवं पुत्रवधू ने प्राप्त किया।



जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमाण्डर नगेश चंद्र मालवीय(सेवानिवृत) ने बताया कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 7 दिसम्बर को मनाया जाता है। इस अवसर पर सैनिकों के कल्याण हेतु सहयोग राशि एकत्र की जाती है। पिछले कई वर्षों से सहयोग राशि एकत्र करने में इंदौर की अहम भूमिका रही है। सशस्त्र सेना झण्डा निधि में एक लाख रुपये से अधिक की धनराशि का योगदान देने पर आगामी वर्ष राज भवन में आयोजित होने वाले समारोह में राज्यपाल द्वारा संस्था को प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाता है। सशस्त्र सेना झण्डा निधि में प्राप्त धनराशि का उपयोग भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिये किया जाता हैं।

## समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय करने स्लॉट बुक करने की अंतिम तारीख 30 अप्रैल तक बढ़ाई गई

**इन्दौर।** जिला आपूर्ति नियंत्रक ने जानकारी दी कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु किसानों की गेहूँ विक्रय करने के लिए स्लॉट बुक की अंतिम तारीख 30 अप्रैल तक बढ़ाई गई है। जिन पंजीकृत किसानों द्वारा स्लॉट बुक नहीं कराये गये हैं उनसे अपील की गई है कि 30 अप्रैल के पूर्व अपना गेहूँ विक्रय स्लॉट बुक करा लेवें, ताकि उनको अपनी उपज विक्रय करने में कोई परेशानी न हो। इंदौर जिले में आज दिनांक तक 28 हजार 450 किसानों ने स्लॉट बुक कराया हैं।

शासकीय सांदीपनि अहिल्याश्रम क्रमांक-2 की

# छात्राओं ने स्वनिर्मित उत्पादों की लगायी प्रदर्शनी




**इन्दौर। शासकीय सांदीपनि अहिल्याश्रम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 की छात्राओं ने तेजस्विनी योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण लेकर स्वनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाकर वस्तुओं का विक्रय भी किया।**

विद्यालय के प्राचार्य श्री दीपक हलवे ने बताया कि विद्यालय में इस योजना के अंतर्गत दो सौ छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शासन द्वारा प्रशिक्षणरत छात्राओं को वस्तुओं के निर्माण के लिये प्रतिवर्ष दो हजार रुपये की राशि प्रति छात्रा प्रदान की जाती है। इस योजना का उद्देश्य छात्राओं को स्वरोजगार के लिए तैयार करना है। प्रदर्शनी में पल्लवी, तनु, खुशी, नंदनी, सिद्धि, दीपाली, सलोनी, ज्योति, माया, स्नेहा, मनीषा, अंकिता तथा सपना द्वारा बनाये गये उत्पाद प्रशंसनीय पाये जाने पर उनकी प्रशंसा की एवं उन्हें वार्षिकोत्सव में पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया । कार्यक्रम संयोजक पूजा चौधरी और अनीशा रानी थी। इस अवसर पर उद्यम लर्निंग फाउंडेशन से दीपक शाह, विनय मालवीय और अमृता सोलंकी भी उपस्थित थीं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हुआ जल संवाद कार्यक्रम



**इन्दौर। इंदौर जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुसार जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान से बड़ी संख्या में लोग जुड़ने लग गये है। शहर हो या गांव सभी जगह जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने और जल बचाने हेतु श्रमदान के लिये बड़ी संख्या में लोग आगे आ रहे है। साथ ही गाँव-गाँव जल संवाद सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।**

इसी सिलसिले में गत दिवस देपालपुर विकास खंड के ग्राम बेगन्दा और आरोदाकोट में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। बेगन्दा धर्मशाला परिसर में जल संवाद का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री भारतसिंह पटेल, जनपद सदस्य श्री बाबूलाल पटेल, महिला बाल विकास समिति जनपद देपालपुर के अध्यक्ष श्री राहुल तंवर, सरपंच श्री सुभाष पटेल, इंजीनियर गुंजन अरोरा, श्री ओमप्रकाश जाटव उपस्थित थे।

विकासखण्ड समन्वयक श्री सुरेशचंद्र यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि देपालपुर विकासखण्ड के विभिन्न ग्राम में जल जागरूकता के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष भारतसिंह पटेल ने कहा कि हमारे ग्रामों में स्थित तालाबों की जल ग्रहण क्षमता बढ़ाना होगी। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद द्वारा गाँव-गाँव जाकर लोगों को जल के महत्व तथा जल संरक्षण के बारे में जागरूक किया जा रहा है। जनपद सदस्य श्री बाबुलाल पटेल ने अपने ग्राम के तालाब को गहरा करने की बात कहीं। महिला बाल विकास समिति के अध्यक्ष श्री राहुल तंवर ने कहा कि जल बचाना हम सभी का दायित्व है। उपस्थित समस्त अतिथियों एवं ग्रामवासियों ने जल यात्रा निकाली और तालाब गहरीकरण के लिए श्रमदान किया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था के श्री अनिल सिसोदिया, श्री पप्पू परमार , मेंटर श्री भुरालाल छाड़िया , प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष श्री सुरेश सोलंकी, बेगन्दा सचिव श्री राजेन्द्र पटेल, श्री देवकरण सोलंकी, आरोदाकोट सचिव श्री नितिन बैरागी, श्री प्रकाश पाटीदार विशेष रूप से उपस्थित थे।

# मई माह में होगा मांगलिया के आयुष हॉस्पिटल का लोकार्पण

**इन्दौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के प्रयासों से शीघ्र ही संभाग के सबसे बड़े आयुष अस्पताल की सौगात इंदौर को अगले माह मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार की उपस्थिति में अस्पताल का लोकार्पण होगा।**



इंदौर के विधानसभा क्षेत्र सांवेर अंतर्गत मांगलिया में 50 बिस्तरीय आयुष अस्पताल का निर्माण पूर्ण होने के उपरांत अस्पताल के संचालन में लगने वाले मानव संसाधन (स्टाफ) एवं लगभग 10 करोड़ 26 लाख रुपये की राशि से अस्पताल में रेम्प, रिटेनिंग वॉल, उपकरण, हर्वल गार्डन, फायर फाइटिंग सिस्टम, फर्नीचर, फायर टेंक निर्माण एवं अन्य कार्यों की स्वीकृति हेतु क्षेत्र के विधायक एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट द्वारा आयुष एवं उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार से गत दिवस भेंट की तथा उपरोक्त समस्त कार्यों के निर्माण हेतु राशि स्वीकृति करने का अनुरोध किया।

ज्ञात हो की उक्त निर्माणाधीन अस्पताल आयुष विभाग का इंदौर संभाग का सबसे बडा एवं सर्वसुविधायुक्त अस्पताल होगा। यह 50 बिस्तरों वाले इस शासकीय आयुष (आयुर्वेद) चिकित्सालय की लागत लगभग 6 करोड़ रुपये है। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने विगत दिनों मांगलिया पहुंचकर निर्मित भवन का निरीक्षण किया था। भवन का सिविल वर्क पूर्ण हो गया है, केवल चिकित्सकीय सुविधाएं उपकरण स्थापित करने का कार्य ही बाकी है, जो जल्द ही पूरा कर लिया जायेगा। मंत्री श्री सिलावट ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल में 10 एसी लगाये जाने तथा एक एम्बुलेंस देने की घोषणा भी की थी। इस अस्पताल में उपचार की सभी अत्याधुनिक सुविधाएं रहेंगी। सोनोग्राफी, पेथोलॉजी, एक्स-रे आदि जाँच सुविधाएं भी रहेंगी। अस्पताल में उन्होंने सीटी स्केन मशीन भी लगाये जाने के निर्देश दिये। गर्भवती महिलाओं का प्रसव भी कराया जायेगा। पंचकर्म तथा योग से भी उपचार किया जायेगा। मंत्री श्री सिलावट ने निरीक्षण के दौरान कहा था कि अस्पताल परिसर में एक बगीचा तथा नाले के सौंदर्यीकरण का कार्य जल्द किया जाए।

# विश्व पशु चिकित्सा दिवस 26 अप्रैल को इंदौर में होंगे अनेक कार्यक्रम

**इन्दौर।** विश्व पशु चिकित्सा दिवस इस वर्ष 26 अप्रैल को मनाया जायेगा। इस उपलक्ष्य में इंदौर में अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे। पशुपालन एवं डेयरी विभाग एवं प्रांतीय राजपत्रित पशु चिकित्सक संघ के संयुक्त तत्वाधान में 26 अप्रैल को एक दिवसीय निश्शुल्क रेबीज टीकाकरण एवं औषधि वितरण शिविर का आयोजन संभागीय पशु चिकित्सालय स्नेहलतागंज में आयोजित किया जाएगा। विश्व पशु चिकित्सा दिवस प्रतिवर्ष माह अप्रैल के अंतिम शनिवार को मनाया जाता है।

आयोजित शिविर में श्वानो को रेबीज का टीका मुफ्त लगाया जाएगा तथा श्वानों में चर्म रोग खुजली जो की इस मौसम में अधिक होती है कि मुफ्त औषधि भी वितरित की जायेगी। समस्त पशु प्रेमियों से आग्रह किया गया है कि वे अपने पालतू श्वानों के टीकाकरण का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें। उक्त जानकारी डॉ. शशांक जुमड़े उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग तथा डॉ. अमृतलाल शर्मा अध्यक्ष प्रांतीय राजपत्रित पशु चिकित्सक संघ जिला इंदौर द्वारा संयुक्त रूप से दी गई। शिविर में उपस्थित पशु प्रेमियों एवं पशुपालकों को जानवरों के प्रति जागरूकता के लिए भी समझाइश देकर प्रेरित किया जाएगा।

# पहलगाम में मारे गए इंदौर के सुशील के शव से लिपटकर रोई बेटी आकांशा



**इंदौर। पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए इंदौर के सुशील नथानियल का अंतिम संस्कार गुरुवार सुबह कैथोलिक क्रिश्चियन रीति-रिवाज से किया गया। सेंट जोसेफ चर्च में जब मिस्सा बलिदान की विधियां की जा रही थीं, तो ताबूत के पास बैठी बेटी आकांक्षा एकटक पिता के शव को देख रही थी।**

आकांक्षा के पैर में भी गोली लगी है। जैसे ही ताबूत ले जाया जाने लगा, तो आकांक्षा उसे पकड़कर फूट-फूटकर रोने लगीं। वह बार-बार पूछ रही थीं, ऐसा क्यों हुआ।

### कब्रिस्तान में शव को दफनाया

पत्नी जेनिफर और पिता फेराल्ड का हाल भी बुरा था। बेटा आस्टिन जैसे-तैसे खुद को संभालकर नाते-रिश्तेदारों के साथ मां और बहन को ढांढस बंधा रहा था। रिश्तेदारों के लिए सभी को संभालना मुश्किल हो रहा था।

अंतिम संस्कार की विधियों के बाद समाजजन और विभिन्न संगठनों ने एक-एककर पुष्प अर्पित किए। फिर जूनी इंदौर कब्रस्तान में शव को दफन किया गया।

### मुझे बताया था कि चार दिन में लौट आऊंगा- पिता

पिता फेराल्ड ने रो-रोकर बताया कि तीन बेटों में सुशील ही कमाता था। अब पिता को दुनिया के भरोसे छोड़कर चला गया। उसने मुझे सिर्फ यह बताया था कि चार दिन में लौट आऊंगा। मुझे कश्मीर जाने के बारे में बताता, तो शायद मैं उसे रोक लेता।

घटना की जानकारी भी मुझे पहले नहीं दी गई। सुशील की बुआ आइरिस जान ने कहा कि आतंकियों ने जैसा हाल मेरे भतीजे (सुशील) का किया वैसा ही हाल उन आतंकियों का भी होना चाहिए।

# 27 अप्रैल को इंदौर में आईटी और 3 मई को मंदसौर में होगा एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

इन्दौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के युवाओं की आत्मनिर्भरता और रोजगार के लिए राज्य सरकार सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही है। उद्योगों में निवेश प्रोत्साहन के लिए आगामी 27 अप्रैल को इंदौर में आईटी इंडस्ट्री-कॉन्क्लेव और 3 मई को एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव मंदसौर में आयोजित की जा रही है। मालवांचल सहित प्रदेश में कृषि और किसानों की समृद्धि के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। उन्नत फसलों और पशुपालन से किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। राज्य सरकार किसानों को सोलर पंप प्रदान कर बिजली के बिल से बोझ से उन्हें मुक्त करने के लिए भी कार्य कर रही है। किसान खेती की नई तकनीक की जानकारी प्राप्त करें और नवाचारों से प्रेरणा लें, इस उद्देश्य से कृषि पर केन्द्रित कॉन्क्लेव आयोजित किया जा रहा है। राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में हरसंभव प्रयास कर रही है। मध्यप्रदेश का किसान सम्पन्न होगा तो प्रदेश और देश भी समृद्ध होगा। राज्य सरकार युवा, महिला और किसान के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मीडिया के लिए जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए।

# शेयर बाजार का फर्जी पोर्टफोलियो बनाकर डॉक्टर से सवा तीन करोड़ रुपये ठगे

**इंदौर। इंदौर शहर में करोड़ों रुपयों की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। अपराध शाखा ने डॉक्टर की शिकायत पर केस दर्ज किया है। ठगी की राशि अलग-अलग म्यूल खातों में जमा करवाई गई है।**

पुलिस खाते मुहैया करवाने वाले पैडलर और ठगी करने वाली महिला को तलाश रही है। पुलिस के मुताबिक धोखाधड़ी स्कीम-54 (विजयनगर) निवासी रुद्र कुमार गुप्ता के साथ हुई है। गुप्ता शेयर बाजार में निवेश में रुचि रखते हैं। पिछले वर्ष पांच सितंबर को टेलीग्राम एप पर प्रीति नामक महिला ने शेयर बाजार में निवेश और मुनाफे के बारे में जिक्र किया।

डॉ. रुद्र उसकी बातों में आ गए। प्रीति ने वेब साइट की लिंक भेजी और रजिस्ट्रेशन करने की सलाह दी। डॉ. रुद्र ने 12 सितंबर को मां एवं स्वयं के नाम से रजिस्ट्रेशन कर लिया।

### एक करोड़ रुपये निकालने के दौरान हुआ शक

डॉक्टर का एप पर बकायदा पोर्टफोलियो बनाया गया था। उसमें स्टाक मार्केट की तरह उतार-चढ़ाव भी दिखाई देता था। डॉक्टर को करोड़ों रुपये का मुनाफा दिखाई दे रहा था। कुछ समय बाद उन्होंने एक करोड़ रुपये निकालने का प्रयास किया तो प्रीति और कस्टमर केयर द्वारा गेन टैक्स, करंसी एक्सचेंज, आयकर टैक्स मांगा गया।

प्रीति ने डॉक्टर को डायरेक्टर ग्रुप में भी शामिल कर कस्टमर कोड नंबर और आईडी आवंटित की। डॉक्टर ने 10 हजार रुपये के बदले 10 हजार 535 रुपये निकाले। इससे विश्वास बढ़ गया और आरोपितों के इशारे पर धीरे-धीरे तीन करोड़ 23 लाख 38 हजार रुपये जमा करवा दिए।

शक होने पर डॉक्टर ने अपराध शाखा के डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी व एडीसीपी राजेश दंडोतिया को शिकायत की। एसआई सीटू जरिया ने जांच की तो विभिन्न राज्यों के म्यूल खातों की जानकारी मिली।

# इंदौर में फिर हुआ कोरोना अटैक

## एक महिला की मौत, युवक का इलाज जारी




**इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर में कोरोना महामारी के दो मरीजों की पुष्टि हुई है। इनमें एक पुरुष और एक महिला है। महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई है। वहीं संक्रमित युवक का अरबिंदो अस्पताल में इलाज जारी है।**

अब तक की जानकारी के मुताबिक, दोनों मरीज इंदौर के ही हैं। महिला की उम्र 74 साल है, जो किडनी की बीमारी से पीड़ित थी। वहीं युवक लंबे समय से सर्दी-खांसी से पीड़ित था। युवक को अस्पताल के अलग वार्ड में रखा गया है। उसकी हालत ठीक बताई गई है। कोरोना वायरस रोकथाम की पूरी गाइडलाइन का पालन किया जा रहा है।

अरबिंदो अस्पताल के निदेशक डॉ. विनोद भंडारी ने बताया कि कुछ मरीज ऐसे होते हैं जिनकी सर्दी-खांसी जल्द ठीक नहीं होती है। ऐसे में उनकी एक विशेष फ्लू पैनल जांच होती है जिसमें कई प्रकार की जांचें होती हैं। इसी में कोविड की भी जांच होती है। इसमें युवक कोविड पॉजिटिव पाया गया। उसे अलग वार्ड में आइसोलेट किया गया है। उसकी हालत अब ठीक है।

### कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई

# अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम को किया गया सील




इन्दौर। जनसुनवाई में आयी शिकायत पर कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई की गई है। कलेक्टर श्री सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन के अमले द्वारा भोलाराम उस्ताद मार्ग स्थित एक क्लीनिक को सील किया गया है। जनसुनवाई में आज कलेक्टर श्री आशीष सिंह के समक्ष शिकायत प्राप्त हुई थी कि भोलाराम उस्ताद मार्ग स्थित पटेल नर्सिंग होम का अवैध रूप से संचालन किया जा रहा है। इसमें अनाधिकृत चिकित्सकों द्वारा मरीजों का इलाज किया जा रहा है, जो कि मानव जीवन के साथ खिलवाड़ है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने इस शिकायत को तुरंत संज्ञान में लेकर उक्त नर्सिंग होम के खिलाफ कार्रवाई के लिए नायब तहसीलदार श्री शिव शंकर जारोलिया को तुरंत भेजा। नर्सिंग होम को सील करने की कार्रवाई जिला प्रशासन के अमले के साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ की गई। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर इस पटेल नर्सिंग होम को सील कर दिया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक चेतन गन्धे के लिए चेतन ग्राफिक्स, 135, नगर निगम मार्केट, सुभाष मार्ग, वीआईपी स्टेशनरी के सामने, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं 109, बाणगंगा मेनरोड़, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक: चेतन गन्धे, मो. : 9893157809 Email : sonekikalam@gmail.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।)